**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगी मुहर , 1373 माध्यमिक आचार्य पदों के सृजन को मंजूरी, 8900 शिक्षकों का प्रत्यर्पण स्वीकृत।**
2. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प के तहत देशभर में पीपीपी मोड पर 100 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे।**
3. **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने पूरे किए 10 साल, झारखंड के कई जिलों के छोटे व्यापारियों के लिए स्वरोजगार सृजन का बना माध्यम।**
4. **बाबूलाल मरांडी ने पेयजल विभाग में 160 करोड़ रूपए की अनियमितता का लगाया आरोप, मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा– दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई।**
5. **अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में बोकारो ने लोहरदगा को किया पराजित, रिन्नी बर्मन की शानदार गेंदबाजी से मिला जीत का तोहफा**

**समाचार विस्तार से**

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में 1373 माध्यमिक आचार्य पदों के सृजन और 8,900 शिक्षकों के प्रत्यर्पण को स्वीकृति मिली। साथ ही जल संसाधन विभाग के लिपिकीय पदों पर नियुक्ति के लिए नई नियमावली का गठन किया गया। राज्य में उद्योग निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन यात्रा की स्वीकृति दी गई। साथ ही, झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना और टेलीकॉम (राइट ऑफ वे) नियम 2024 लागू करने की मंजूरी दी गई।

***************************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। आज कोडरमा में ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रिंसिपल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के 33 सैनिक स्कूलों के प्रिंसिपल मौजूद रहे। मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना में सैनिक स्कूलों की अहम भूमिका होगी।

***************************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस साल पूरे हो गए हैं। 8 अप्रैल 2015 को इसकी शुरूआत हुई थी। झारखंड में भी मुद्रा योजना स्वरोजगार सृजन का माध्यम बन गयी है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से बोकारो के दीपक कुमार को संबल मिला और उन्होंने 10 लाख रुपए लोन लेकर ठेका कार्य शुरू किया। योजना के सहयोग से उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट में 70 लाख रुपए का काम सफलतापूर्वक पूरा किया।

***************************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने दुमका जिले के हजारों युवाओं की जिंदगी बदल दी है। इन्हीं में एक हैं संजय कुमार यादव ।

***************************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 अप्रैल से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और रजरप्पा और बुंडू में बीएलओ और स्वयंसेवकों से संवाद कर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करेंगे।

***************************

**************************

झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर हेमंत सरकार पर पेयजल विभाग में 160 करोड़ रूपए की वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने 2019 से 2024 के बीच के कार्यों की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया।

इस पर विभागीय मंत्री योगेंद्र महतो ने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**************************

हजारीबाग में ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस पूरे उत्साह और उमंग के साथ निकाला जा रहा है, जिसमें लगभग 108 अखाड़े शामिल हैं। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि अब तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है और प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्था संभाल रहा है। उन्होंने राम भक्तों से शांति बनाए रखने और संयमपूर्वक जुलूस निकालने की अपील की है।

**************************

## संक्षिप्त खबरें

- गुमला में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों को शिकायतों के भौतिक सत्यापन और शीघ्र समाधान का निर्देश दिया।
- चतरा के टंडवा में सीसीएल में गलत तरीके से नौकरी पाने के मामले में कोयला मंत्रालय की उच्चस्तरीय जांच टीम अधिकारियों की भूमिका की जांच कर रही है। टीम ने टंडवा अंचल कार्यालय से जुड़े कई संदिग्ध फाइलों की भी पड़ताल शुरू की है।
- खूंटी के तोरपा थाना क्षेत्र के कुलडा जंगल में एक अज्ञात महिला का शव अधजली अवस्था में मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। ।
- लोहरदगा जिले में रामनवमी के बाद भरत मिलाप का आयोजन किया गया, यह दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के बाद अस्त्र–शस्त्र चालन और बाजा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

**************************

राज्य के कई हिस्सों में आज से 11 अप्रैल के बीच आंधी–तूफान और गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जिसमें 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक की हवा चल सकती है। मौसम केंद्र रांची ने किसानों और आम लोगों को बादल गरजने और बिजली चमकने के समय सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

**************************

झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ और पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में बोकारो ने रिन्नी बर्मन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लोहरदगा को एकतरफा मुकाबले में नौ विकेट से पराजित कर चार अंक हासिल किए।

********* **********